तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 3 मई 2025

14 संयुक्त नाम की जमीन में आपसी सहमति...


14 प्रयोगशाला के पद पर समायोजन, बीएड...




## खबर संक्षेप



### देसी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** देशी प्लेन शराब की बिक्री करने वाले व्यक्ति के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम पासिद में भंवर सिंह ध्रुव नाम का व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी भंवर सिंह ध्रुव पिता स्व हृदय ध्रुव (65 साल) पासिद के कब्जे से 25 नग देशी प्लेन शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद।** खेत की ओर जा रहा एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सरायपाली पुलिस को संतोष कुमार साहू ने बताया कि 29 अप्रैल उसका लड़का आनंद राज साहू (13 साल) अपने दोस्त शायन मंडल जगन्नाथ विहार के आगे खेत तरफ जा रहा था। जगन्नाथ विहार के पहले मेन रोड झिलमिला के पास पहुंचने पर वितरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1689 के चालक चमन सिदार निवासी सेंटपारा झिलमिला सरायपाली अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पैदल चल रहे उसके बेटे आनंद राज साहू को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 1 मई को सूचना मिली कि पटेवा-बोडरा मार्ग बिजली आफिस के पास पटेवा में कुछ लोग शराब पी रहे है, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को समस्या हो रही है। मौके पर पुरूषोत्तम ध्रुव पिता समारू ध्रुव (26 वर्ष) ग्राम पटेवा और एनएच 06 पिंटू ढाबा के पास गोविंद सिन्हा उर्फ राजा पिता दुर्वाशा सिन्हा 35 वर्ष ग्राम बल्दीडीह शराब थाना सांकरा जिला महासमुंद (छग) शराब पीते हुए पाए गए। जिनकी चेकिंग ब्रिथ एनालाईजर मशीन से की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**घटना : मृतक युवक आरंग क्षेत्र के ग्राम पारागांव का निवासी**

# बरबसपुर घाट में रेत से भरी हाईवा में दबकर युवक की संदेहास्पद मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महानदी के तटीय पंचायतों को प्रशासन द्वारा

- मृतक संतु पाल पूर्व में पारागांव का रह चुका है उपसरपंच

नोटिस जारी किए 24 घंटे भी नही बीते थे और बरबसपुर रेत घाट में एक युवक की ट्रक से लदे हाईवा से दबकर मौत हो गई। मृतक युवक आरंग क्षेत्र के पारागांव का निवासी बताया जा रहा है वहीं संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। मृतक संतु पाल पूर्व में पारागांव का उपसरपंच रह चुका है।



उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम ने बरबसपुर सहित 11 सरपंचों और पंचों को नोटिस देकर अवैध उत्खनन में उनकी जवाबदेही मानते हुए सरपंचों से लिखित जबाव मांगा गया है। वहीं संतोषप्रद जवाब नही होने की दशा में कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। जिले में रेत माफिया महानदी का सीना छलनी कर करोड़ों की काली कमाई की जा रही है। कुछ सप्ताह पूर्व जिले के गढ़सिवनी में अवैध रेत का उत्खनन तकरीबन डेढ़ माह तक जारी रहा। रेत माफियाओं के चलते ग्रामीणों के बीच बलवा तक की स्थिति निर्मित हो गई। गांवों में रेत उत्खनन को लेकर लोग आपस में आमने-सामने होने लगे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना सामने आ सकती है।



चिंगरौद महानदी क्षेत्र में एक हाईवा और एक चेन माउंटेन वाहन जब्त

## संयुक्त टीम ने की अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर सतत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रायपुर जिले की ओर कुम्हारी से 3 किमी लंबा रेम बनाकर जिले के चिंगरौद क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग की टीम में शुक्रवार को नदी के बीच सीमा के पास दो वाहनों को अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा। ग्रामीणों के अनुसार रायपुर की ओर से रेम बनाकर चिंगरौद क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एक हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनटी 3308 एवं एक चेन माउंटेन मशीन टाटा हिताची को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जब्त किया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर ग्राम कोटवार चिंगरौद के सुपुर्दगी में रखा गया है।

# ट्रॉली में घुसी बाइक दो की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर शुक्रवार की

- हृदयविदारक घटना से दोनों गांवों में शोक की लहर

शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम भोकलुडीह के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। और बाइक ट्रैक्टर ट्राली के अंदर जा घुसी, इस हादसे में ग्राम डोंगरीपाली निवासी अमित सागर 25 वर्ष और लाखागढ़ निवासी मुकेश सोना 26 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना से दोनों गांवों में शोक की लहर है।

## बेमौसम बारिश से फड़ गीला, शुरू नहीं हो पाया तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेंदूपत्ता संग्रहण व खरीदी की शुरुआत 1 मई से होनी थी। लेकिन, पिछले दिनों हुई ओलवृष्टि के चलते खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई है। बता दें कि जिले के 85 हजार संग्राहक परिवारों को कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। पिछले सप्ताहभर से मौसम में बार-बार परिवर्तन व ओलावृष्टि से तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर असर पड़ा है। फड़ भी गीला हो गया है। इधर, तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को इस साल उनके बैंक खाते में ऑनलाइन राशि अंतरित की जाएगी। इस बार भी तेंदूपत्ता के लिए 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा की दर से खरीदी होगी। पिछले तीन वर्षों से 91300 मानक बोरा लक्ष्य रखा जा रहा है। लक्ष्य में बढ़ोतरी इस वर्ष भी नहीं की गई है। धीरे-धीरे तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य कम हो रहा है। एसडीओ एआर बंजारे ने बताया कि तैयारी चल रही है, लेकिन मौसम में परिवर्तन होने व पिछले दिनों ओलावृष्टि से असर पड़ा है। मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है। पत्तों को तेज धूप में रखना होता है। फड़ भी गीला है। ऐसे में तेज धूप खिलने पर ही तेंदूपत्ता खरीदी कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को 10-10 साल की सजा

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 23 वर्षीय प्रिंस कुमार दुबे पिता बीरेंद्र कुमार दुबे उत्तर पश्चिम दिल्ली नरेला निवासी तथा 28 वर्षीय मोसिन उर्फ मोहसिन पिता सलीम कलियर हरिद्वार निवासी को एनडीपीएस एक्ट के अपराध में धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास मेन रोड एनएच 353 भीमखोज में एक भूरे रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों से पूछताछ की, उनके पास रखे एक बड़े भूरे रंग के बैग में 7 पैकेटों में लिपटा हुआ गांजा बरामद किया गया। जिसका वजन 25 किलो था। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां अपराध सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

# पटवारी का रिश्वत लेते वीडियो बना तो ग्रामीणों के खिलाफ लिखवाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा ब्लॉक के ग्राम पेंड्रावन के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर पेंड्रावन के पटवारी द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की शिकायत की। इसके अलावा पिथौरा ब्लाक के एक पटवारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो सार्वजनिक करते हुए पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सरपंच राकेश कुमार साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत पेंड्रावन में पदस्थ पटवारी के कार्य व्यवहार एवं अनियमितताओं के संबंध में पूर्व में भी ग्रामीणों ने शिकायत की थी। शिकायत के प्रतिशोध स्वरूप पटवारी ने 28 अप्रैल को थाना सांकरा में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने ग्राम के कुछ युवकों पर अपने साथ मारपीट और सरकारी दस्तावेज को फाड़ने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उक्त आरोप को पूर्णतः असत्य और दुर्भावनापूर्ण बताया है। जिसकी पुष्टि ग्राम के कोटवार ग्राम के पंचायत के पंच, गांव के नागरिकों ने की है।



ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी के साथ कोई मारपीट व किसी प्रकार की कोई दस्तावेज को क्षति नहीं पहुंचाई गई है। इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग ग्रामीणों ने की है। इसके अलावा पटवारी दोषी पाए जाता है, तो उसके विरूद्ध उचित विभागीय और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। जिससे भविष्य में कोई शासकीय अधिकारी इस प्रकार अपने पद का दुरुपयोग न करे।

### अन्य मामले में कारण बताओ नोटिस जारी

पिथौरा के एसडीएम ने हल्का नंबर-50 के पटवारी विजय प्रभाकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस में उल्लेख किया है कि राजस्व संबंधित कार्यों के संबंध में आपके द्वारा आम लोगों से राशि ली जा रही है। इससे शासन और प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। 24 घंटे के भीतर जवाब देने नोटिस जारी किया गया है।

### यथाशीघ्र कार्रवाई की मांग



भाजपा किसान नेता तुषार साहू ने कहा कि पिथौरा ब्लाक के हल्का नंबर 50 के पटवारी विजय प्रभाकर द्वारा किसान से घूस लेते वीडियो, फोटो सामने आया है। सरकारी सैलरी मिलने के बाद भी पटवारी रिश्वत लेता है, इससे राज्य सरकार की शासन प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से जनहित में संबंधित पटवारी को निलंबित करने की मांग की है।

**मिला राज्य में प्रथम स्थान, 12 लाख से अधिक लोगों की हुई जांच**

# टीबी को जड़ से उखाड़ने में अपना जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन

- जिले के 278 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित, राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में जिला हुए सम्मानित

कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिला महासमुंद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में महासमुंद जिले को सम्मानित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया तथा आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा महासमुंद जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ को देश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को सर्वोत्तम तरीके से लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है, जो समस्त राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि राज्य की 4103 ग्राम पंचायतों को अब तक टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। जिला महासमुंद में संचालित निक्षय निरामय अभियान के तहत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के नेतृत्व में सीएमएचओ डॉ. पी कुदेशिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में 12 लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे एवं अन्य आधुनिक जांच तकनीकों से परीक्षण किया गया। वर्ष 2023 में जिले की 292 ग्राम पंचायतें एवं वर्ष 2024 में 278 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गईं। यह उपलब्धि जिला स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत और जनभागीदारी का परिणाम है। इस सम्मान समारोह में जिले के स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुखीपाली जंगल में दो महीने से फांसी पर लटकी थी अधेड़ की सड़ी-गली लाश

**पिथौरा (ग्रामीण)।** थाना क्षेत्र के सुखीपाली गांव स्थित झारमुड़ा बांध के पास जंगल में एक अधेड़ व्यक्ति की करीब दो महीने पुरानी सड़ी-गली लाश पेड़ में फांसी पर लटकी मिली। मृतक की पहचान विशाल ध्रुव पिता अर्जुन सिंह ध्रुव उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम परसापाली थाना पिथौरा के रूप में की गई है।

इस मामले की जांच कर रहे एएसआई सिकंदर भोई ने बताया कि 12 फरवरी 2025 को विशाल ध्रुव की गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने बताया था कि वह 8 फरवरी को साइकिल बनाने के नाम पर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद लौटकर नहीं आया। दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद उसकी लाश जंगल में एक पेड़ पर फांसी में लटकी हुई मिली। मृतक का शव पूरी तरह सड़ चुका था। कमर के नीचे का हिस्सा पूरी तरह से जंगली जानवरों ने नोचक खा लिया था। लाश की पहचान मृतक के कपड़े, गमछा, बनियान और गले में पहने रेशमी धागा व ताबीज से हुई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिथौरा एसडीओपी अजित ओंगरे, थाना प्रभारी उमेश वर्मा एवं एएसआई सिकंदर भोई के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक नीलम मिश्रा द्वारा विवेचना की जा रही है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट होगा कि यह आत्महत्या है या हत्या।

### पुलिस की तत्परता जांच में गंभीरता

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी अजित ओंगरे और थाना प्रभारी उमेश वर्मा के मार्गदर्शन में शव की पहचान के बाद जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद इस मौत के कारण का खुलासा होगा।

### स्थानीयों में दहशत, परिजनों में शोक

घटना के बाद से ही इलाके में भय का माहौल है। मृतक के परिजन गहरे शोक में हैं। और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। विशाल ध्रुव के लापता होने के बाद परिजनों ने शुरुआत में उन्हें कई जगहों पर खोजबीन की, लेकिन जब कोई पता नहीं चला तब गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अब दो महीने बाद लाश मिलने से उनके परिवार सदमे में हैं। परिजनों का कहना है कि विशाल ध्रुव मानसिक रूप से बिल्कुल स्वस्थ और जिम्मेदार व्यक्ति था, जो घर-परिवार का भरण-पोषण कर रहा था।

# उपार्जन केंद्रों से धान उठाने उठाने की अवधि माहभर पहले खत्म, अब तक 30 जिलों में जमा है स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को उपार्जन केंद्र यानी खरीद केंद्र से उठाने के लिए सरकार ने 31 मार्च तक की अवधि तय की थी। यह समय सीमा बीते अब एक महीना पूरा हो गया है, लेकिन राज्य के 33 में से 30 जिलों के सैकड़ों उपार्जन केंद्रों में धान का स्टॉक जमा है। खास बात ये है कि इस बीच 14 नवंबर से धान खरीदी होने के बाद साढ़े चार महीने बीत चुके हैं। इस बीच भारी गरमी की वजह से धान सूखा और उसका वजन भी कम हो गया है, इसकी पूरी जिम्मेदारी सोसायटियों के प्रबंधकों पर आ गई है। उन्हें धान या धान की कीमत देने के लिए दवाब डाला जा रहा है, अगर ऐसा नहीं किया तो एफआईआर करने की चेतावनी भी दी गई है।

- 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाना था धान



### 1 लाख 39 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं

राज्य में इस समय तक यानि 1 मई की स्थिति में राज्य के उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 39 हजार 985.75 मीट्रिक टन धान जमा है। राज्य केवल तीन जिले ऐसे हैं जहां उपार्जन केंद्रों से पूरा धान उठाया जा चुका है। इन जिलों में जांजगीर चांपा, कोरिया और सरगुजा शामिल हैं। बाकी के सभी 30 जिलों में धान की अलग-अलग मात्रा मार्कफेड के रिकार्ड में नजर आ रही है। कई जिलों में अधिक कुछ में यह मात्रा कम है। इस बीच पिछले दो-तीन दिनों से बेमौसम बारिश से धान भीगने का खतरा हो गया है। अभनपुर के समीप जौंदा में मार्कफेड के संग्रहण केंद्र में रखा धान भीगने की जानकारी मिली है। यहां धान का स्टेक खुला है और धान भीगा है।

### 31 मार्च तक उठाना था धान

राज्य में धान खरीदी शुरु होने के पहले सरकार ने एक नीति जारी की थी। इस नीति में कहा गया था कि खरीद केंद्र में भंडारित समस्त धान को मार्कफेड द्वारा 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाया जाए। इसी नीति में ये भी साफ किया गया है कि उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान के लिए कोई सूखत की मात्रा मान्य नहीं होगी। यह भी कहा गया था कि जिन केंद्रों में बफर लिमिट हो वहां धान का यथाशीघ्र उठाव करना है।

### सोसाइटी संचालकों पर संकट

राज्य के उपार्जन केंद्रों से धान का स्टॉक उठाने में देरी से सोसाइटियों के प्रबंधकों पर भारी परेशानी आई है। दरअसल साढ़े चार महीने धान जमा होने इस बीच भीषण गर्मी पड़ने से धान सूखा है और उसका वजन कम हुआ है। अब सोसाइटी प्रबंधकों से कहा जा रहा है कि वे या कम हुए धान की मात्रा के बराबर धान जमा कराए, या 2300 रुपए क्विंटल के हिसाब से राशि जमा करें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार अकेले रायपुर जिले की सोसाइटियों में करीब 12 करोड़ के धान की कमी आई है। इस संबंध में प्रबंधकों को नोटिस जारी की गई है। इस मामले को लेकर दो दर्जन से अधिक सोसाइटियां हाईकोर्ट की शरण में गई है। बताया गया है कि इन मामलों पर हाईकोर्ट से 5 मई को फैसला आ सकता है।

## खबर संक्षेप



### बर्खास्त बीएड शिक्षकों के जीवन में लौटी खुशियां, सीएम से मिले

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल से छत्तीसगढ़ के 26 सौ से अधिक बीएड अर्हताधारी बर्खास्त सहायक शिक्षकों के जीवन में खुशियां लौट आई हैं। प्रदेश सरकार ने बर्खास्त शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले से राज्य के 2600 से अधिक युवाओं का भविष्य एक बार फिर संवर गया है। मुख्यमंत्री से आज मुख्यमंत्री निवास में बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनसे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री के साथ आपके नौकरी के संबंध में लगातार चर्चा होती थी। हमारे मुखिया इतने संवेदनशील है कि उन्होंने पहले ही दिन कहा था कि जितना भी आर्थिक बोझ पड़े राज्य सरकार अपने युवाओं के भविष्य को खतरे में नहीं डालेगी।

### पहलगाम पीड़ित मिरानिया परिवार को सरकार देगी 20 लाख रुपए : सीएम साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि राज्य सरकार दिवंगत दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए इसे प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति कहा। उन्होंने कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ इस दुःखद घड़ी में मिरानिया परिवार के साथ है। यह केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की क्षति है। श्री साय ने कहा कि जो आतंकवादी इस जघन्य कृत्य के दोषी हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि देश की सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करेंगी।

### रायपुर में गीता महादान कार्यक्रम जल्द



रायपुर। रामराज फाउंडेशन द्वारा जल्द ही रायपुर में "गीता महादान" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्पिरिचुअल स्पीकर्स के साथ रॉक बैंड को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर गीता पुस्तक के साथ ऑडियो टेप का भी वितरण किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति गीता ज्ञान को जीवन में उतार सके। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि यदि किसी आम नागरिक को रास्ते में कोई जरूरतमंद दिखाई देता है तो वह हमसे संपर्क करता है। इंस्टाग्राम या व्हाट्स एप द्वारा हम 300 से 500 लोगों के लिए तुरंत प्रसादम तैयार कराकर अपनी टीम के माध्यम से निशुल्क वितरण कराते हैं। इसके लिए किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। संस्था में सेवाभावी एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं।

# बागबाहरा विकासखंड की बेटियों ने बढ़ाया मान

## आठवीं बोर्ड परीक्षा में जसप्रीत ने मारी बाजी, जान्हवी यादव रहीं द्वितीय स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

बागबाहरा विकासखंड के लिए यह गौरव का क्षण है, जब यहां की दो प्रतिभाशाली बेटियों ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप स्थान प्राप्त किए हैं। शासन द्वारा लंबे अंतराल के बाद पुनः शुरू की गई आठवीं बोर्ड परीक्षा में पीएमश्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा की छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जसप्रीत कौर बग्गा ने 97.7 प्रतिशत अंक अर्जित कर विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि जान्हवी यादव ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से पूरा विद्यालय परिवार, अभिभावकगण और क्षेत्रवासी हर्षित हैं।

### विद्यालय में जश्न का माहौल

जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई, विद्यालय में जश्न का माहौल बन गया। शिक्षकों और सहपाठियों ने तालियों की गड़गड़ाहट और फूल-मालाओं से दोनों छात्राओं का अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य और स्टाफ ने छात्राओं की मेहनत को सराहा और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



### विधायक ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव स्वयं दोनों छात्राओं के घर पहुंचे, जहां उन्होंने दोनों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता के लिए हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि बेटियों ने आज क्षेत्र का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। इनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।

### परिवारजनों की आंखें हुईं नम, गर्व से भरे शब्द

जसप्रीत कौर बग्गा के पिता बलवीर बग्गा, जो इस विद्यालय के विधायक प्रतिनिधि हैं, ने कहा, मेरे लिए यह क्षण भावुकता से भरा है। मेरी बेटी ने जो किया है, वह हर माता-पिता का सपना होता है। वहीं जान्हवी यादव के पिता हेमंत यादव एवं माता ज्योति यादव ने बेटी की मेहनत और समर्पण को उसकी सफलता का मूल मंत्र बताया। दादा केशव राम यादव ने कहा कि बेटी ने हमारे कुल का नाम रोशन किया है।

### पूरे क्षेत्र में बधाइयों का सिलसिला जारी

इस खबर के फैलते ही बागबाहरा क्षेत्र में बधाइयों का तांता लग गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन दोनों छात्राओं और उनके परिवारों को बधाई देने उनके घर पहुंच रहे हैं।

### छात्रों की प्रेरणादायक सोच

जब पूछा गया कि वे इस सफलता का श्रेय किसे देती हैं, तो जसप्रीत कौर ने कहा, मेरे माता–पिता और शिक्षकों की प्रेरणा और मेरे निरंतर अभ्यास ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। जान्हवी यादव ने कहा, हर दिन नियमित अध्ययन और अपने लक्ष्य पर फोकस ही मेरी सफलता की कुंजी रही है। इन दोनों छात्राओं ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि संकल्प और समर्पण हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। आज उन्होंने न केवल अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे बागबाहरा विकासखंड की पहचान को नई ऊंचाई दी है।

# ये कैसी उल्टी चाल? रविवि अब ऑनलाइन नहीं ऑफलाइन लेगा प्रवेश परीक्षाएं, कारण-अज्ञात!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नैक ग्रेडिंग में ए श्रेणी से फिसलकर बी ग्रेड में पहुंच चुके रविवि की उल्टी चाल किसी को समझ में नहीं आ रही है। रविवि ने आदेश जारी कर यह स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विवि अध्ययनशाला में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा ऑनलाइन नहीं होकर ऑफलाइन मोड में होगी।

रविवि द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 से प्रवेश परीक्षाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है। जिन अज्ञात कारणों से विवि द्वारा यह फैसला लिया गया है, उसे अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है। प्रवेश परीक्षाएं 22 से 24 मई तक दो पालियों में होगी। विवि ने इसके लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अधिकतर कार्यों को पेन-पेपरलेस करने अर्थात ऑनलाइन मोड में संचालित करने प्रोत्साहित किया गया है। प्रवेश परीक्षाओं में बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाते हैं। छात्रों को प्रश्न के दिए गए 4 विकल्पों में से सही उत्तर का चुनाव करना होता है। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षाओं में जांच के दौरान छात्रों को अतिरिक्त अंक दिए जाने अथवा किसी तरह की हेर-फेर की आशंका कम होती है। नई व्यवस्था से इनकी आशंका फिर बढ़ जाएगी।

### प्रबंधन ने स्पष्ट नहीं किया कारण

रविवि द्वारा ऑनलाइन परीक्षाओं को ऑफलाइन मोड में कराए जाने का आदेश तो जारी कर दिया गया है, लेकिन इसके पीछे का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है। सत्र 2025-26 में यह पहली बार नहीं है, जब रविवि की प्रवेश परीक्षाएं विवादों में हैं। इसके पूर्व निशुल्क परीक्षा को सशुल्क किए जाने और मनमानी राशि लिए जाने को लेकर भी विवाद हुआ था। छात्रों द्वारा व्यापक पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन के बाद रविवि ने प्रवेश परीक्षा की राशि में कटौती की थी।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत चीजों को ऑनलाइन करने पर फोकस
- शैक्षणिक सत्र 2020-21 से ऑनलाइन मोड में आयोजित हो रही हैं प्रवेश परीक्षाएं



### प्रश्नपत्र छपाई-उत्तरपुस्तिका का अतिरिक्त खर्च

ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को अपने साथ मोबाइल या लैपटॉप लेकर आना होता था। रविवि द्वारा विद्यार्थियों को एक लिंक दिया जाता था। इस लिंक में क्लिक करने के साथ ही प्रश्नपत्र खुल जाता था, जिसे तय समय में हल करके छात्रों को ऑनलाइन ही सब्मिट करना होता था। इस दौरान रविवि द्वारा जैमर लगाया जाता था, जिससे छात्र लिंक के अलावा गूगल, यू-ट्यूब अथवा कोई भी अन्य वेबसाइट नकल के लिए नहीं खोल पाते थे। पूर्व कुलसचिव डॉ.गिरीशकांत पांडेय के कार्यकाल में यह प्रयोग किया गया था। अब सिस्टम ऑनलाइन किए जाने के बाद रविवि को प्रश्नपत्र छपाई तथा उत्तरपुस्तिका अथवा ओएमआर शीट का अतिरिक्त व्यय भी उठाना पड़ेगा।

## महतारी वंदन योजना की किस्त जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मई की पंद्रहवीं किस्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.32 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 15 माहों में 9788.78 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

- 69.32 लाख हितग्राहियों को 648 करोड़ से अधिक सहायता राशि जारी

### आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाणपत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किस्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

## बीएड शिक्षकों के समायोजन में 5-6 माह लगने की संभावना

रायपुर। राज्य सरकार ने बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के रिक्त पदों पर समायोजित करने का निर्णय लिया है। समायोजन के लिए जिलों की प्राथमिकता में पहले राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों के रिक्त पदों में उसके बाद सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर तत्पश्चात अन्य जिलों में समायोजन किया जाएगा। न्यूनतम अर्हता रखने वालों पहले मौका दिया जाएगा, उसके बाद अन्य लोगों का क्रम से समायोजन होगा। प्रक्रिया पूरी होने में पांच-छह माह का समय लगने की संभावना है। बताया गया है कि विज्ञान प्रयोगशाला सहायक के लिए न्यूनतम अर्हता बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। जो बीएड सहायक शिक्षकों में से कई यह अर्हता नहीं रखते, उनको 3 साल में अर्हता पूरी करनी होगी। कैबिनेट में अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए 2621 बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के राज्य में रिक्त 4,422 पदों में समायोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा। कला, विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी।

- 69.32 लाख हितग्राहियों को 648 करोड़ से अधिक सहायता राशि जारी

**कैसे किया जाएगा समायोजित :** इसके साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एससीईआरटी के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए पदों का सृजन किया जाएगा।

# साय बोले- वक्फ बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं

## व्याख्यान माला में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संशोधित वक्फ बिल के फायदे बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वक्फ सुधार जनजागरण अभियान समिति रायपुर द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 विषय पर मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित व्याख्यान माला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुराने वक्फ बिल की विसंगतियों को दूर करने का प्रयास नए वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के माध्यम से किए जा रहे हैं, ताकि मुस्लिम समुदाय के पिछड़े और गरीब तबके के लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके और उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 मुसलमानों के हित में है और इसका लाभ सभी मुसलमानों को होगा। यह बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं है। विषय-विशेषज्ञों एवं समाज के सभी तबके से सलाह मशवरा कर यह कानून लाया गया है।

व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से रिफार्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो या ट्रिपल तलाक जैसे कानूनों को समाप्त कर मुस्लिम समाज के महिलाओं को हक दिलाने की बात हो, यह सभी कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। अब वक्फ बिल के माध्यम से पिछड़े मुसलमानों को उनका हक दिलाते हुए वक्फ बोर्ड की गड़बड़ियों को दूर कर सकारात्मक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. जितेंद्र ने कहा, हमारी सरकार का प्रयास है कि वक्फ के माध्यम से समाज के वास्तविक लोगों को ही इसका फायदा मिल सके। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से यूपीए सरकार द्वारा आनन-फानन 2013 में वक्फ कानून में किए संशोधन से हुए नुकसान एवं विसंगतियों के बारे विस्तृत से जानकारी दी। साथ ही वर्तमान वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 से होने वाले फायदों एवं विसंगति प्रावधानों के हटाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा, आज वक्फ कानून के संबंध में जो गलतफहमी समाज में फैलाई जा रही है, उससे हम सब को बचना है और नए वक्फ कानून की वास्तविकता को पहचाना एवं जानना है। हमारे विभाग द्वारा भी जिला स्तर से लेकर विकासखंडों तक ऐसे जागरण या व्याख्यान माला का आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर में पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, धमतरी महापौर रामू रोहरा छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज सहित मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी विशिष्ट पहचान : नेताम

# जनजातीय संग्रहालय नवा रायपुर में बनकर तैयार म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक नवा रायपुर में देखने को मिलेगी। यह संग्रहालय लगभग बनकर तैयार हो चुका है। आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने इसका निरीक्षण किया। यह ट्रायबल म्यूजियम छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन शैली, संस्कृति एवं परंपरा पर आधरित है। एक ही छत के नीचे तैयार हो रहे म्यूजियम में छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा से पर्यटक रूबरू हो सकेंगे। मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण के दौरान कहा, संग्रहालय के मूर्त रूप में आ जाने के बाद निश्चित ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। जल्द ही



आदिवासियों की जीवन शैलियों पर आधारित म्यूजियम पर्यटकों के लिए समर्पित होगा। इसकी तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक एवं एआई की मदद ली जा रही है। सभी पारंपरिक सामग्रियों का क्यूआर कोड तैयार कराया जा रहा है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही उस विधा-सामग्री की पूरी जानकारी मोबाइल पर देखी जा सकेगी। इस मौके पर विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, टीआरआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, उप सचिव बीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता त्रिदीप चक्रवर्ती सहित विभागीय इंजीनियर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य में 42 प्रकार की जनजातियां

गौरतलब है कि यह ट्रायबल म्यूजियम में जनजातीय जीवनशैली, उनके रहन-सहन, निवास गृह, पूजा पद्धति (देवगुड़ी), उनकी वेशभूषा, उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशेषताओं को जीवंत प्रदर्शित किया गया है। छत्तीसगढ़ में 42 प्रकार की जनजातियां मुख्यतः निवास करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 72 लाख व शहरी क्षेत्रों में लगभग 5 लाख जनजाति जनसंख्या निवास करती है।

## छत्तीसगढ़ की केयरएज स्टेट रैंकिंग में शानदार छलांग

# टॉप राज्यों की दौड़ में बनाई नई पहचान, मुख्यमंत्री ने जताया गर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में छत्तीसगढ़ ने 3 स्थान की छलांग लगाई है। शासन, सामाजिक विकास और आर्थिक मजबूती के दम पर राज्य 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचा है। देश के बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़ ने केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास कराया है। 2023 की तुलना में इस बार राज्य का समग्र स्कोर 34.8 से बढ़कर 40.9 हो गया है। इस प्रगति ने दिखा दिया कि छत्तीसगढ़ अब शासन, आर्थिक प्रबंधन और सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को सभी छत्तीसगढ़वासियों की जीत बताया। उन्होंने कहा, यह आंकड़े हमारी पारदर्शी नीतियों, जन-भागीदारी और जन-सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण में हमारी प्राथमिकताएं स्पष्ट रही हैं, वहीं निवेश और रोजगार को भी नया बढ़ावा मिला है।

### आर्थिक क्षेत्र में 9.9 अंकों की जबरदस्त बढ़त

रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ ने आर्थिक प्रदर्शन के पैमाने पर 9.9 अंकों की बढ़त के साथ 12वें से 7वें स्थान पर छलांग लगाई है। यह राज्य की आकर्षक औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और वित्तीय अनुशासन का नतीजा है। राज्य का जीएसटी संग्रहण और बजट प्रबंधन पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी और प्रभावशाली हुआ है, जिससे राजकोषीय स्थिति सशक्त हुई है।

### शासन-प्रशासन में 14.2 अंकों की शानदार छलांग

छत्तीसगढ़ ने शासन-प्रशासन के क्षेत्र में भी 14.2 अंकों की प्रगति की है। यह प्रगति पब्लिक सर्विस डिलीवरी, कानून व्यवस्था और डिजिटल गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में सुधार का परिणाम है।

### सामाजिक क्षेत्र में भी 17.8 अंकों की रिकॉर्ड प्रगति

सामाजिक सूचकांकों की बात करें तो रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य ने साक्षरता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आय समानता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किया है। यह प्रगति राज्य के विकास मॉडल को समावेशी और टिकाऊ बनाती है।

### 50 संकेतकों के आधार पर हुआ मूल्यांकन

2025 की रैंकिंग में 50 संकेतकों पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया, जो 2023 के 46 संकेतकों से अधिक हैं। इन संकेतकों में राज्य की अर्थव्यवस्था वित्तीय स्थिति, बुनियादी ढांचा, प्रशासन और पर्यावरण शामिल हैं।

**खबर संक्षेप**

## देर रात घर के बाहर बैठे चार युवकों को पुलिस कर्मियों ने डंडे से पीटा, एसएसपी से शिकायत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके के संतोषीनगर में देर रात घर के बाहर बैठे चार लोगों की पुलिस कर्मियों ने डंडे से पिटाई कर दी। पिटाई का कारण देर रात तक घर के बाहर ग्रुप में बैठे रहना बताया जा रहा है। इस मारपीट में चार लोगों को चोटें आई हैं। पीड़ितों ने इस मामले में मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ एसएसपी लाल उमेद सिंह से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस कर्मी शराब के नशे में थे। घटना 30 अप्रैल को संतोषीनगर के तरुण बाजार के पास की है। यहां रहने वाला लक्ष्मण कौशल, लोकेश साहू, मो. जिसान एवं ऋषि साहू ने एसएसपी से की गई शिकायत में बताया है कि वे चारों घर के बाहर परिसर के पास बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची, जिसमें से उतरे तीन पुलिस कर्मियों ने उनसे पूछा कि इतनी रात को यहां क्यों बैठे हो।

### गड़बड़ी: जमीन मालिक अब तहसील, राजस्व न्यायालय का लगा रहे चक्कर

# फल बेचने वाले दंपत्ति के नाम करोड़ों की जमीन दर्ज, असल मालिक हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

एक साधारण फल विक्रेता दंपत्ति के नाम पर अचानक करोड़ों की जमीन दर्ज होने का मामला सामने आया है। बिहार राज्य के मुकेश गुप्ता और उनकी पत्नी आरती देवी गुप्ता वर्षों से पिथौरा में ठेला लगाकर फल बेचते हैं। उनके नाम पर बी 1 में पिथौरा नगर के 34 प्लॉट दर्ज हो गए हैं, जिनकी कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। मुकेश गुप्ता का कहना है कि उनके पास खुद के नाम केवल तीन डिसमिल आवासीय जमीन है, लेकिन अब उनके पत्नी के नाम पर 34 जमीनें दर्ज होने की बात सामने आई है जिसके बाद रोज़ असली ज़मीन मालिक उनके घर पहुंचते हैं और उन्हें बार बार शासकीय कार्यालयों में जाना पड़ता हैं। पटवारी कार्यालय का वे चक्कर काटकर परेशान हो चुके हैं। इस गड़बड़ी से कई लोग प्रभावित हैं। दर्जनों की संख्या में असली ज़मीन मालिक अब तहसील, राजस्व न्यायालय और पटवारी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनकी जमीनों पर न तो लोन मिल पा रहा है, न ही खरीदी-बिक्री संभव हो रही है। कई परिवार मानसिक तनाव में हैं और न्याय की उम्मीद में सरकारी दफ्तरों के दरवाज़े खटखटा रहे हैं। पीड़ित प्रेमीन बाई डड़सेना, जिनकी उम्र 65 वर्ष है, इस त्रुटि की शिकार उन असली ज़मीन मालिकों में से एक हैं। उन्होंने बताया कि पिथौरा के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित उनकी पैतृक ज़मीन, खसरा नंबर 672/64, रकबा 680 वर्गफीट, अब अचानक किसी आरती देवी गुप्ता के नाम दर्ज हो गई है। प्रेमीन बाई का कहना है कि उन्होंने यह ज़मीन किसी को बेची नहीं है और जब नकल निकलवाई, तो अपने ही नाम से ज़मीन गायब देखकर हैरान रह गईं। पिछले तीन महीनों से वह लगातार पटवारी, तहसीलदार, कलेक्टर कार्यालय और कानूनगो शाखा के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं मिला। थकी-हारी प्रेमीन बाई अब न्याय की आस में केवल सरकारी दफ्तरों के जवाब का इंतज़ार कर रही हैं।




**तत्कालीन पटवारी की भूमिका संदिग्ध**

इस मामले में जिस तरह से करोड़ों की जमीन एक गरीब फल विक्रेता दंपति के नाम दर्ज हो गई है, वह कोई साधारण गलती नहीं प्रतीत हो रही। साफ तौर पर राजस्व विभाग की गंभीर लापरवाही या मिलीभगत का नतीजा है। इतने बड़े स्तर पर जमीनों की गलत एंट्री बिना जिम्मेदार कर्मचारी की जानकारी के संभव नहीं हो सकती। ऐसे में तत्कालीन पटवारी की भूमिका सबसे अहम मानी जा रही है।

**जांच कराई जाएगी**

इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसे राजस्व संहिता की धारा 115 के तहत तत्काल सुधारा जाएगा। ताकि, लोगों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

-ओंकारेश्वर सिंह,
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा

## 2 माह के भीतर दावा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की सूचना जारी

**महासमुंद।** जिले में परिसमापनाधीन सहकारी समितियों के सदस्यों, हितबद्ध व्यक्तियों को उपायुक्त सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाए द्वारा सूचना प्रकाशन की तिथि के 02 माह के समयसीमा के भीतर अपनी देनदारी/लेनदारी व अन्य दावे प्रमाण प्रस्तुत करने सूचित किया गया है। दावे प्रमाण संबंधित सोसायटी के परिसमापक अथवा संबंधित कार्यालय के परिसमापन कक्ष में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और संस्था के पंजीयन निरस्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिले की विभिन्न सहकारी समितियां छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1962 के नियम 57(1) (अ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया में हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत महासमुंद जिले की 36 समितियां शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां, मत्स्य सहकारी समितियां, प्रिंटिंग प्रेस सहकारी समितियां, बुनकर सहकारी समितियां और धान भंडारण समितियां प्रमुख हैं। इन समितियों के परिसमापक एसके गुप्ता और एमके नायक को नियुक्त किए गए हैं, जो अलग-अलग विकासखंडों की समितियों का परिसमापन कार्य देखेंगे। सभी संबंधित व्यक्ति को समय सीमा के भीतर अपने दावे प्रस्तुत करने कहा गया है। इनमें बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. सिर्री, कुम्हारीमुड़ा, नेहरू सहकारी धान भंडार मर्या. गांजर, माँ खल्लारी फल फूल बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बागबाहरा शामिल है। इसी तरह बसना विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. पैता, भंवरपुर, गिधापाली, कलामंदिर बुनकर सहकारी समिति मर्या. भंवरपुर, महासमुंद विखं अंतर्गत प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति मर्या. जीवतरा, गणेश मुद्रणालय एवं स्टेशनरी सहकारी समिति मर्या. महासमुंद, मां सरस्वती प्रिंटिंग प्रेस सहकारी समिति मर्या. महासमुंद, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. रामपुर, बंदोरा, दर्रीपाली, तेंदूवाही (बी), खिरसाली, खैरझिटी, नवागांव, मानपुर, बेलर, अरंड, मोंहदी व पिथौरा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. लोहारिनडोंगरी, छातामौहा, साल्हेतराई, बिजराभांठा, गबौद एवं धनुरायमति बुनकर सहकारी समिति मर्या. जाड़ामुडा तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत मां कैलाश फुल बीज उत्पा. क्रय सह. समिति मर्या. सरायपाली, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. गहनाखार, किसड़ी, मुंधा, डंगनिया, प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति मर्या. लिमगांव, बोडेसरा एवं तोषगांव शामिल है।

## विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष

### जन्मदिन पर आम भंडारे, भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विश्व मजदूर दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष, कहा: मजदूरों के बिना देश का विकास संभव नहीं



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू का जन्मदिवस 1 मई को टाउन हाल में एक सामान्य कार्यक्रम में मनाया गया। अपने जन्मदिवस पर नपाध्यक्ष साहू ने सुबह मां महामाया की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। दोपहर 12 बजे स्थानीय लोहिया चौक में आयोजित मजूदर दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए तथा मजूदरों को विश्व मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। पश्चात, उनके जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं की ओर से एक सामान्य भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन टाउन हाल में आयोजित की गई थी। जिसमें नपाध्यक्ष साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में पूरे 30 वार्डों के हजारों नागरिकों ने नपाध्यक्ष साहू से भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पूर्व में ही कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, समर्थकों से अपील की थी कि उनके जन्मदिवस पर बेनर पोस्टर, आतिशबाजी या किसी प्रकार का मंचीय कार्यक्रम ना करें। उन्होंने फिजूलखर्ची रोकने के लिए पटाखे आदि आतिशबाजी न करने कार्यकर्ताओं से निवेदन किया था। जिसके तहत कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन को यादगार बनाने टाउन हाल में एक सामान्य भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए नपाध्यक्ष साहू ने टाउन हाल पहुंचकर समस्त शुभचिंतकों, नगरजनों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार शहर के विभिन्न स्थानों में पर आम भंडारे का आयोजन भी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया था। लोहिया चौक में मेंशन मजदूर संघ के कार्यक्रम में नपाध्यक्ष साहू ने मजदूरों को संबोधित कर देश के विकास में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी विकास कार्य बिना मजदूर के संभव नहीं है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता संदीप दीवान, सभापति सूरज नायक, गुलशन साहू, पार्षद राहुल आवड़े, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती राजू चंद्राकर, भाऊराम साहू, हर्ष साहू, पीयूष साहू सहित मजदूर यूनियन के सैकड़ों सदस्यगण उपस्थित थे। इसी प्रकार टाउन हाल के कार्यक्रम में पार्षद मुश्ताक विक्की खान, ज्योति रिंकू चंद्राकर, गुलशन साहू, धनेंद्र चंद्राकर, सूरज महानंद, राहुल आवड़े, जितेंद्र ध्रुव, ओमिन टोमन कागजी, रत्नेश साहू, शिव साहू, विजय साहू सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।

## सिमगांव में प्रवासी श्रमिकों की क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत सिमगांव में प्रवासी श्रमिकों की क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सरपंच ललित बया, उपसरपंच उदय सिंह ठाकुर, सचिव इंदिरा सूरमणि, महिला एवं बाल विकास विभाग से भावना गुप्ता, जनसहास संस्था से रूबीना परवीन, कुलेश्वर रोजगार सहायक अभिषेक कुमार ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा टांडे और संतोषी भट्ट, पंचगण समेत ग्रामीण मौजूद रहे। सभी लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और सरस्वती माता की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पश्चात प्रयोग समाज सेवी संस्था का परिचय एवं कार्यों के बारे में जानकारी परियोजना के जिला समन्वयक सुमन साहू ने दी। महिला एवं बाल विकास विभाग के भावना गुप्ता द्वारा आईसीडीएस से जुड़ी जानकारी गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार में क्या क्या लेना चाहिए एवं बच्चों को क्या क्या खिलाए, जिससे बच्चे कुपोषित न हो, साथ ही नोनी सुरक्षा योजना, महतारी वंदना योजना इत्यादि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जो महिलाएं पलायन हुई है या जो नवविवाहित महिलाएं है जिनका महतारी वंदना में फॉर्म नहीं भराया गया है वे अपना दस्तावेज पंचायत या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास जमा कर सकते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बताया गया कि अब तक 25 लोगों का दस्तावेज आ चुका है, जिनका आगे फॉर्म भर कर योजना का लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही भावना गुप्ता ने बताया कि वे प्रवासी मजदूर जो बाहर काम करने जाते है, अपने छोटे बच्चों को भी साथ ले जाते है, वे अपने बच्चों का खास ख्याल रखें, वहां पर स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी हो, जहां आशा वर्कर होती है, जिस जगह पे लोग काम करते है वहां ईंट भट्ठी में तापमान अधिक होता है, उस तापमान से बच्चों का विशेष ध्यान रखें। वजन, पोषण आहार का ध्यान रखें। अगर खून की कमी हो तो स्वास्थ केंद्र में दिखाए और पौष्टिक आहार दें। तदपश्चात जन साहस से रूबीना द्वारा पलायन श्रमिकों को जिस जगह पलायन के लिए जा रहे, उस जगह की पूरी जानकारी हो, हॉस्पिटल, थाना, स्कूल की जानकारी रखें, क्योंकि, पलायन स्थल में मजदूरों को सही जानकारी न होने से बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जैसे कम मजदूरी देना या मजदूरी रोक देना, बंधक बना देना इत्यादि। रूबीना द्वारा बताया गया कि जनसाहस संस्था द्वारा कई ऐसे मजदूरों की मजदूरी रोक दी गई थी, उनको उनकी मजदूरी ठेकेदार से वापस दिलवाया गया। साथ ही श्रमिक कार्ड तथा उनसे जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई, जैसे नोनी सशक्तिकरण, सियान योजना, छात्रवृति योजना, कार्यस्थल में दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी गई। कुलेश्वर द्वारा जानकारी दी गई कि श्रमिकों को अपने पास डेली डेयरी रखनी चाहिए, जिससे उस डायरी से कार्य दिवस और मजदूरी का पता हो। अगर ठेकेदार पूरा मजदूरी न दे तो उस डायरी के माध्यम से पैसा ठेकेदार से वापस दिलवाया जा सकता है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी बताया गया। इस पंचायत में शिविर लगाकर श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाने की बात कही। इस पंचायत में सीएससी सेंटर का शुभारंभ किया गया, जहां लोग निः शुल्क पेंशन की राशि, पैन कार्ड, जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि बना सकते हैं। उपस्थित सरपंच, पंच, विभाग से उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीणों को प्रयोग समाज सेवी संस्था की ओर से जिला समन्वयक सुमन साहू द्वारा धन्यवाद दिया गया। साथ ही सरपंच और सचिव द्वारा प्रयोग समाज सेवी संस्था, पलायन मजदूरों के हित से जुड़ी जानकारियां एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा किया गया।

## श्यामलाल को मिला श्रमिक पंजीयन कार्ड, अब मिलेगा श्रम कल्याण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत महासमुंद जिले के ग्राम लोहारडीह निवासी श्यामलाल लोहार को श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र श्रमिक को शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ मिले। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के कुशल मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में श्यामलाल के आवेदन पर तत्परता दिखाते हुए श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा पंजीयन स्वीकृत किया गया। 01 मई को श्रम पदाधिकारी कार्यालय, महासमुंद में श्रम अधिकारी डीएन पात्र ने उन्हें पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपा। पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद श्यामलाल ने शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं जैसे शिक्षा सहायता, चिकित्सा सहायता, मातृत्व लाभ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, उपकरण सहायता तथा आवास सहायता का लाभ सहज रूप से प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

## गायत्री परिवार की अखंड ज्योति रथ यात्रा का जिले में हो रहा स्वागत

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में निकाली जा रही अखंड ज्योति रथयात्रा का महासमुंद जिले में भव्य स्वागत किया जा रहा है। रथयात्रा के नवें दिन रामपुर, डूमरपाली, ढांक, झलप, छिलपावन, सिंघनपुर, पचरी, नरतोरा एवं भटगांव का भ्रमण किया गया। इस आयोजन में लगभग 600 परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 540 सत संकल्प पत्रक वितरित किए गए। 440 पॉकेट बुक्स का वितरण हुआ तथा 20 देवस्थापनाएं संपन्न की गईं। इसके अतिरिक्त 12 परिजनों ने दीक्षा प्राप्त की। ग्राम डूमरपाली में उपसरपंच देवेंद्र नायक द्वारा दीक्षा ली गई तथा ग्राम झलप में सरपंच राकेश कुमार साहू के निवास पर देव स्थापना की गई। रथयात्रा के सफल संचालन में धनीराम चक्रधारी, प्रीतराम, अनिल कुमार, ओम प्रकाश साहू तथा गायत्री शक्तिपीठ से ललित कुमार सिंह, हीरालाल साहू, परस सिंह चौहान, बोधराम साहू, जगमोहन साहू, रिखीराम साहू एवं भरत सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। गांवों के समर्पित परिजन करण बरीहा, परमानंद देवसिंह दीवान, जगतराम यादव, शुकदेव साहू, रथराम, रामचरण पटेल, नारायण सिंह एवं ताम्रध्वज साहू ने भी गुरुकार्य में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## 5 को द्वारका धाम के लिए रवाना होगा 80 यात्रियों का जत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति महासमुंद द्वारा द्वारकाधीश धाम गुजरात में 11 मई से 17 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए भागवत कथा के मुख्य जजमान शंकर पांडेय, इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत साहू, सीतादेवी साहू व अन्य जजमानों द्वारा कथा वाचन के लिए नगर पुरोहित पंकज तिवारी को कथा वाचन के लिए निवेदन पूर्वक निमंत्रित किया गया।

जिसे उन्होंने स्वीकार कर मुख्य जजमान और सह जजमान को श्रीफल अंग वस्त्र भेंटकर जजमान वरन की विधि पूर्ण करवाई। इस मौके पर तिवारी ने कहा कि बद्रीनाथ धाम, रामेश्वरम धाम में आयोजन के बाद इस वर्ष द्वारकाधीश की नगरी में यह आयोजन जन कल्याण भाव से किया जा रहा है। मुख्य जजमान, सह जजमान व सभी अन्य जजमान अपने कल्याण के साथ ही नगर कल्याण, जनकल्याण और धर्म भाव के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। पश्चात मुख्य जजमान, सह जजमान व आयोजन समिति के तारा चंद्राकर ने गणेश मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, राम मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर व पुराना अस्पताल स्थित हनुमान, शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर यात्रा की सफलता, कुशलता के लिए प्रार्थना कर यात्रा की अनुमति मांगी। आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के मूलचंद लढ्ढा, देवेंद्र चंद्राकर, दिलीप जैन, राजेश नायक ने बताया कि 5 मई सोमवार को दोपहर 2 बजे कथा वाचक पं. पंकज तिवारी के पुराना रावण भाठा स्थित निवास से करीब 80 यात्रियों का जत्था दो बसों में द्वारकाधीशधाम के लिए रवाना होंगे। 5 दिनों के यात्रा के दौरान सभी यात्री और औढ़ा नागेश्वर, परली वैद्यनाथ, शनि सिगनापुर, भीमाशंकर, नासिक, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते हुए 10 मई की रात्रि गोमती द्वारका पहुंचेंगे। जहां 11 मई से जल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ होगा। वापसी में डाकोर द्वारका होते हुए सभी तीर्थ यात्री उज्जैन महाकाल और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते हुए 21 मई को महासमुंद पहुंचेंगे। तिवारी के निवास में आयोजित निमंत्रण एवं जजमान वरन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तारा चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, रिखीराम साहू, बाबूलाल साहू, हीरालाल साहू, दिनेश महाराज, हेमंत द्विवेदी, विजय चंद्राकर, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## अंकित ने बोरे बासी तिहार खल्लारी के क्षेत्र के टेका में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया रीति रिवाजों को पुनर्स्थापित करने की जो परंपरा की शुरुआत की थी, उसे सुचारु रूप से चलाते रहने के उद्देश्य से उन्होंने पुनः बोरे बासी त्यौहार में बासी खाने का आह्वान किया था।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने भी पिछली सरकार द्वारा शुरू किए गए इस कार्यक्रम को करने अपील की थी, जिस पर प्रतिवर्षानुसार इस साल भी अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा विकासखंड की ग्राम पंचायत टेका में बड़े ही सादगी और परंपरागत तरीके से इसे मनाया।

इस कार्यक्रम में अंकित बागबाहरा, मुकेश ठाकुर सरपंच, नकुल मरकाम उपसरपंच, सोबिन नेताम पंच, परमानंद नेताम, नरेंद्र मरकाम, मुरलीधर मरकाम, श्रीधर नेताम, खम्मारी मरकाम, जितेंद्र क्षत्री आदि उपस्थित रहे।

## सूरदास जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम खरोरा में कवि बालकृष्ण की भक्ति के पर्याय सूरदास की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि सूरदास हिंदी साहित्य के भक्ति काव्य के प्रमुख स्तंभों में से एक हैं, जिन्हें बालकृष्ण की भक्ति का पर्याय माना जाता है। उनकी रचनाएं, विशेष रूप से सूरसागर, भगवान कृष्ण के प्रति उनकी अनन्य भक्ति और काव्यात्मक प्रतिभा का जीवंत प्रमाण हैं। सूरदास का जीवन, उनकी भक्ति और काव्य साधना, भारतीय संस्कृति और साहित्य में एक अनमोल रत्न के रूप में चमकता है। सूरदास का जन्म वैशाख शुक्ला पंचमी, संवत 1535 माना जाता है। उनके जन्म स्थान को लेकर विद्वानों में मतभेद हैं। कुछ स्रोतों के अनुसार उनका जन्म दिल्ली के निकट रुनकता नामक गांव में हुआ। जबकि, अन्य का मानना है कि वे मथुरा के समीप गौघट में पैदा हुए। सूरदास का जन्म एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। परंपरागत मान्यता के अनुसार वे जन्म से अंधे थे, जिसके कारण उन्हें सामाजिक उपेक्षा का सामना करना पड़ा। हालांकि, कुछ आधुनिक विद्वान इस बात पर संदेह व्यक्त करते हैं और मानते हैं कि सूरदास की अंधता शारीरिक से अधिक प्रतीकात्मक थी, जो उनकी भक्ति की गहराई को दर्शाती थी। सूरदास का परिवार धार्मिक और संगीतमय वातावरण वाला था। उनके पिता रामदास एक गायक थे, और संभव है कि सूरदास को संगीत और काव्य की प्रारंभिक शिक्षा अपने परिवार से ही प्राप्त हुई हो। बचपन में ही सूरदास की रुचि भक्ति और संगीत की ओर बढ़ी। उनकी काव्य प्रतिभा और भक्ति भावना ने उन्हें कम उम्र में ही लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## नवागांव स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा आठवीं में 86.8 प्रतिशत के साथ डोमेशवरी बरिहा प्रथम, 85.7 प्रतिशत के साथ हिना बरिहा द्वितीय व प्रेरणा निर्मलकर ने 84.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में गौरव निर्मलकर 83 प्रतिशत के साथ प्रथम, रुखमणी 82 प्रतिशत के साथ दूसरे व 81 प्रतिशत के साथ यामिनी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठवीं में पूनम निषाद 89 प्रतिशत, रश्मि सिन्हा 88 प्रतिशत, रागिनी सिन्हा 87 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को प्राप्त किए। सभी छात्रों को संस्था की ओर से फोल्डर फाईल एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रभारी प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक अमर साहू ने अपने उद्बोधन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास एवं अभ्यास करने की बात कही। परीक्षा परिणाम की घोषणा शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने की। संकुल समन्वयक राजू देवांगन एवं संकुल प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताया। इस अवसर पर रूपेंद्र निर्मलकर, महेश सिन्हा, पुरुषोत्तम, लकेश्वर, इंदल ध्रुव, सुंदर सिन्हा आदि मौजूद रहे।

**निधन**

### विजय कुमार भोई



**सरायपाली।** कबीर नगर रायपुर निवासी अधिवक्ता व पूर्व शासकीय अभिभाषक विजय कुमार भोई (65) का गुरुवार 1 मई को हृदयघात से राजधानी रायपुर में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम महासमुंद जिले के सेमलिया (तोरेसिंहा) में शुक्रवार को किया गया। अंतिम यात्रा में अधिवक्ता, परिजन व ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश की समृद्धि बढ़ेगी, विकास कार्यों को मिलेगी गति : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक राष्ट्र-एक चुनाव पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने इसे देश के लिए आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा है कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश और समृद्धि होगा। साथ ही विकास कार्यों को गति मिलेगी।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव भारत सरकार द्वारा देश में सभी एक ही दिन या एक विशिष्ट समय सीमा के भीतर विचाराधीन एक प्रस्ताव है, जिसका उद्देश्य चुनाव लागत में कटौती करना है। इसके सबसे उल्लेखनीय प्रस्तावों में से एक लोकसभा और सभी राज्यों में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना है। एक राष्ट्र, एक चुनाव से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर तनाव कम होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है, इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं। चुनाव की आर्थिक लागत अधिक है, इसके अलावा



अन्य वित्तीय लागतें भी हैं। 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के बाद लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के लिए पहली बार आम चुनाव 1951-1952 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह तीन लोकसभा चुनावों में 1967 तक जारी रही, जिसके बाद इसे बाधित कर दिया गया। 1960 के बाद कई विधानसभाएं भंग हो गईं, जिसके कारण अंततः लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग चुनाव हुए।

### समिति ने एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए सौंप दी है रिपोर्ट

एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए बनाए गए उच्च स्तरीय समिति के उद्देश्य में साफ लिखा है कि अभी ये साफ नही है कि सभी स्थितियों का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकेगा। किंतु अपवादों के अतिरिक्त एक नियम बने की राष्ट्र के सभी चुनाव एक तय समय सीमा के अंदर कर दिए जाए। इस उच्च स्तरीय समिति ने अपनी 18000 पन्नों की रिपोर्ट भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। इस समिति ने सर्वोच्च न्यायालय के 3 पूर्व मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के 4 मुख्य न्यायाधीश, एक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त के अतिरिक्त 21600 व्यक्तियों से साक्षात्कार किया।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से कई लाभ

एक राष्ट्र एक चुनाव होने से कई प्रकार के लाभ नजर आते हैं। आज की स्थिति में हर साल देश में कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। इससे धन और समय बर्बाद होता है। एक साथ होने से समय और धन दोनों की बचत होगी। बार बार लगने वाले आचार संहिता से भी राहत मिलेगी। इससे विकास की गति भी बाधित नहीं होगी।

### प्रतिवर्ष होते हैं कई चुनाव

देश में 1952 से 2023 तक सालाना औसतन 6 चुनाव हुए हैं। यह आंकड़ा सिर्फ लोकसभा और विधानसभा के लिए बार-बार होने वाले चुनावों का है। इसमें अगर स्थानीय चुनावों को शामिल कर लिया जाए तो प्रतिवर्ष चुनावों की संख्या कई गुणा बढ़ जाएगी। इसके धन और समय दोनों की क्षति बढ़ रही है।

### मतदाताओं को एकजुट करना भी है उद्देश्य

एक राष्ट्र-एक चुनाव की अवधारणा का उद्देश्य मतदाताओं को एकजुट करने में क्षेत्रवाद, जातिवाद और सांप्रदायिकता के विभाजनकारी प्रभाव को कम करना है। ये मौजूदा समय की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर और एकीकृत चुनाव को बढ़ावा देकर, एक साथ चुनाव संकीर्ण हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।

**प्रशिक्षण:** नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण

# प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कानूनों का पालन करना : लंगेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में

- ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दिया जा सकता है

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में तीन नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि वर्ष 2024 से प्रभाव में आए ये नए कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान ले चुके हैं। उनके अनुसार, इन कानूनों का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

प्रारंभ में चुनौतियां आ सकती हैं, किंतु निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण के माध्यम से हम इनका सहज उपयोग सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अब आपराधिक मामलों में चालान 60 से 90





### बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान

उन्होंने बताया कि अर्थदंड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। नए टेक्नोलाजी को अपनाने से कार्य सुगम होंगे तथा अपराधियों को समय पर दण्ड मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है।

दिनों के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इन कानूनों का समयबद्ध, पारदर्शिता के साथ पालन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को नए कानून के संबंध में सतत अध्ययन के निर्देश दिए हैं।

प्रशिक्षण के दौरान जिला चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस विभाग को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में उप संचालक लोक अभियोजन आशीष कुमार सिन्हा एवं सहायक संचालक लोक अभियोजन घनश्याम पांडे ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नए कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी।

थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून के अंतर्गत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भी समय का निर्धारण किया गया है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, एडीएम हरिशंकर पैकरा, रवि कुमार साहू, ओंकारेश्वर सिंह, मनोज खांडे, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, मिषा कोसले, एसडीओपी सहित एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन विधिक परिवर्तनों के प्रति अधिकारियों को जागरूक करना तथा प्रशिक्षण की दिशा में ठोस पहल करना था।

# निमोनिया और दिल की बीमारी का पता एआई से होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के कक्षा दसवीं के छात्र चंकी पांडे, मनीष पांडे और नर्रा की रूपाली यादव ने विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा का उपयोग कर एक आसान सा एआई मॉडल विकसित किया है, जिसके उपयोग से साधारण व्यक्ति भी चेस्ट ऐक्सरे को एआई मॉडल की सहायता से निमोनिया है या नहीं इसकी पहचान कर सकेगा, इससे बीमार व्यक्ति को शीघ्र सही उपचार मिल पाने की संभावना रहेगी। छात्रों ने केगल से लगभग 4 हजार से अधिक डेटा का उपयोग कर इस एआई मॉडल को विकसित किया है।



कोविड के बाद युवाओं में बढ़ रहे साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं को देख कर एआई ईसीजी रीडर मॉडल विकसित किया। केगल एक ओपन सोर्स है, जिसमें उपलब्ध 4 हजार से अधिक ईसीजी इमेज डेटा का उपयोग ट्रायल और ट्रेन करने में उपयोग करने के बाद लगभग 100 प्रतिशत एक्यूरेसी वाला यह मॉडल विकसित किया है। इसकी सहायता से ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य चिकित्सकीय जानकार एवं जन साधारण भी हृदय घात की स्थिति को समझ सकेंगे तथा समय पर इलाज की सुविधा कर पाएंगे।

### छात्रों को मिलेगी प्रेरणा

समग्र शिक्षा द्वारा 5 दिवसीय एआई स्किलिंग कैंप के आयोजन के बाद विद्यार्थियों के इस तरह के कार्यों को पूरा करने से अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। समाज के लिए कुछ करने की भावना से छात्रों में राष्ट्रीयता का भी विकास होगा।

**-सतीश नायर,**
सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद

### जामली में मजदूर दिवस पर श्रम पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन





**महासमुंद।** मजदूर दिवस एवं सुशासन तिहार पर ग्राम जामली विकासखंड महासमुंद में पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रम न्यायाधीश संगपुष्पा भतपहरी की उपस्थिति में मोबाइल एप्प के माध्यम से 20 श्रमिकों का त्वरित पंजीयन करते हुए श्रम न्यायाधीश संगपुष्पा भतपहरी द्वारा पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया। श्रमिक पंजीयन कार्ड प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा शासन एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। हितग्राहियों ने कहा कि अब श्रम विभाग के तहत संचालित विभिन्न श्रमिक योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# संयुक्त नाम की जमीन में आपसी सहमति के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदद्वय सीता डोंडेकर, पीयूष साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता हनीष बग्गा एवं पूर्व सरपंच गोविंद ठाकुर ने संयुक्त रूप से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से भेंट कर ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में संयुक्त नाम की जमीन में आपसी सहमति के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। साथ ही परिवार के मुखिया के नाम पर जमीन में उनके वरिसानों को मुखिया की सहमति पर आवास दिया जाना चाहिए। बंटवारा नामा में समय ज्यादा लगने



के कारण लगभग 30-35 परिवार आवास से वंचित हो जाएंगे। इस पर कलेक्टर लंगेह ने कहा कि आवास योजना ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिए जाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, मुखिया के नाम वाले जमीन में बंटवारा नामा की जरूरत पड़ेगी, ऐसा कोई नियम अलग से नही है। ज्यादा से ज्यादा शपथ पत्र पूर्व में दे दें। अनुमति के बाद बंटवारानामा राजस्व विभाग से करा लिया जाए। राजस्व अमले को जल्दी से बंटवारा नामा करने के लिए आदेश कर दिया जाएगा, जिन परिवार का अवेदन आया है, उन्हें आवास योजना समिति को भेजा जाएगा।

### विप्र महिला फाऊंडेशन ने किया परशुराम जयंती पर शरबत वितरण







**महासमुंद।** अक्षय तृतीया पर्व एवं परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विप्र महिला फाऊंडेशन ने हनुमान मंदिर प्रांगण में शरबत एवं आम पना का वितरण किया। सर्वप्रथम परशुराम की पूजा अर्चना तथा हनुमान मंदिर, शनिदेव की पूजा अर्चना पश्चात राहगीरों को शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम में उषा शर्मा, लता तिवारी, रेखा शर्मा, अर्चना शर्मा, कुसुम शर्मा, राखी शर्मा, प्रीति शर्मा एवं कृतिका शर्मा की सहभागिता रही।

# समर क्लास के समापन पर बच्चों को मोटिवेट करेगी लोक गायिका आरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा द्वारा आयोजित 40 दिवसीय निःशुल्क मल्टी टैलेंट समर क्लासेस का समापन 5 मई को एक भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर धर्मशाला में आयोजित होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका आरू साहू बच्चों का उत्साहवर्धन करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा उन्हें उनकी बाल्यावस्था में ही कला के क्षेत्र में मिली विशिष्ट उपलब्धियों के लिए बाल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। संस्थान की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि आरू साहू ने कम उम्र में ही अपनी सुरीली आवाज और अद्भुत गायन प्रतिभा से छत्तीसगढ़ के संगीतप्रेमियों के दिलों में विशेष स्थान बना लिया है। उनकी गायकी में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की मिठास झलकती है और वे निरंतर इस सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। कार्यक्रम में आरु साहू बच्चों को गायन के क्षेत्र में मार्गदर्शन भी देंगी। आयोजन को लेकर संस्थान के पदाधिकारी गौरव चंद्राकर, राजा बाबू उपाध्याय, संतोष गुप्ता, अनिल पटनायक तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# प्रयोगशाला के पद पर समायोजन, बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों ने जताया शासन का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री

- विष्णुदेव के सुशासन में हर वर्ग का विकास

विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हुए कैबिनेट के बैठक में निर्णय लिया गया कि सीधी भर्ती 2023 में सेवा समाप्त 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन होगा। इससे बर्खास्त हुए बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को राहत मिली है। इसी तारतम्य में बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों ने शुक्रवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर शासन और विधायक का आभार जताया। इस पर विधायक ने उन्हें नए पद के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देगी। बता दें कि वर्ष 2023 में हुए भर्ती परीक्षा में बीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षकों के पद पर पदस्थ किया गया था। कुछ समय बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार बीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के पद से हटाने एवं डीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को उनके पद पर पदस्थ करने का आदेश आया। इससे बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद से ही सरकार इन शिक्षकों के लिए समायोजन का रास्ता तलाश रही थी। इसी बीच जिले के बर्खास्त सहायक शिक्षक विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मिलने पहुंचे थे। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। सरकार सबके के हितों को ध्यान में रखते हुए रास्ता जरूर निकालेगी। 30 अप्रैल को हुए कैबिनेट के बैठक में बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन का फैसला लिया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार चल रही है। इसमें किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होगा। युवाओं के लिए सरकार काफी कार्य कर रही है। इसलिए प्रदेश का युवा वर्ग सरकार के कार्यों से खुश है।



### निर्धारित अर्हता पूर्ण करने दिया जाएगा समय

कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक कला व विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता (12वीं गणित/विज्ञान) पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एससीईआरटी के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए सांख्येत्तर पदों का सृजन किया जाएगा।

